# चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

पत्रांक : सामान्य–08 / 2546
दिनांक : 08-12-2021

सेवा में,

समस्त संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष
विभागाधिकारी / समन्वयक / निदेशक,
सहा0कुलसचिव
चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ।

महोदय / महोदया,

विश्वविद्यालय का 33वाँ दीक्षान्त समारोह दिनांक 23 दिसम्बर, 2021 को आयोजित होने जा रहा है, के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार विश्वविद्यालय के 33वें दीक्षान्त समारोह को दृष्टिगत रखते हुए विश्वविद्यालय में कार्यरत समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के दिनांक 08.12.2021 से दीक्षान्त समारोह की समाप्ति तक रविवारीय अवकाश सहित समस्त अवकाश निरस्त किये जाते हैं तथा उन्हें सूचित किया जाता है कि वे दीक्षान्त समारोह की समाप्ति तक अवकाश पर न जायें।

08-12-2021
कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

01. सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
02. वैयक्तिक सहायक प्रति–कुलपति को प्रति–कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
03. वैयक्तिक सहायक कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
04. वैयक्तिक सहायक वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी महोदय के सूचनार्थ।
05. वैयक्तिक सहायक परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक महोदय के सूचनार्थ।

08/12/21
सहा0 कुलसचिव (प्रशा0)

# चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

पत्रांक : सामान्य–08/2547
दिनांक : 08-12-2021

**डॉ0 पचित्र देव**
**स्वच्छता प्रभारी**

जैसा विदित है कि विश्वविद्यालय का 33वाँ दीक्षान्त समारोह दिनांक 23 दिसम्बर, 2021 को आयोजित होने जा रहा है, जिस हेतु अध्यक्ष/संयोजक, स्वच्छता व सुन्दरता समिति दीक्षान्त समारोह द्वारा अगवत कराया है कि समस्त सफाईकर्मियों को निर्देशित करने का कष्ट करें कि समस्त सफाई कर्मी दिनांक 08.12.2021 से दीक्षान्त समारोह की पूर्ण समाप्ति तक अपने–अपने विभागों में दो घण्टे कार्य करने के उपरान्त सड़कों तथा विश्वविद्यालय परिसर के समस्त भवनों के आस पास तथा अन्य स्थानों पर जहाँ आवश्यकता हो साफ–सफाई करेगें।

08/12/2021
**कुलसचिव**

**प्रतिलिपि :–**

01. सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
02. वैयक्तिक सहायक प्रति–कुलपति को प्रति–कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
03. वैयक्तिक सहायक वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी महोदय के सूचनार्थ।
04. वैयक्तिक सहायक कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
05. वैयक्तिक सहायक परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक महोदय के सूचनार्थ।
06. सुपरवाईजर, सफाई कर्मी को आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।

08/12/21
**सहा0कुलसचिव(प्रशा0)**

# चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

पत्रांक : सामान्य–08/2545
दिनांक : 08-12-2021

सेवा में,

**समस्त विभागाध्यक्ष/विभागाधिकारी/समन्वयक/निदेशक**
**सहा0 कुलसचिव**
**चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।**

**महोदय/महोदया,**

विश्वविद्यालय का 33वाँ दीक्षान्त समारोह दिनांक 23 दिसम्बर, 2021 को आयोजित होने जा रहा है, उक्त के सन्दर्भ में निम्नलिखित बिन्दुओं का संज्ञान लेने का कष्ट करें :–

1. आप अपने विभाग के समस्त गैर शैक्षणिक कर्मचारियों की सूची, सामान्य विभाग को 09 दिसम्बर, 2021 तक उपलब्ध कराने का कष्ट करें। तद्नुसार कर्मचारियों हेतु रिक्त परिचय पत्र सम्बन्धित विभागों को उपलब्ध करा दिये जायेंगे। आप अपने स्तर से सम्बन्धित कर्मचारी का फोटो सत्यापित करते हुए अपने हस्ताक्षर से परिचय पत्र वितरित करने का कष्ट करें।
2. अन्य अधिकारियों व शिक्षकों के परिचय पत्र भी विभागों को उपलब्ध करा दिये जायेंगे। विभागाध्यक्ष अपने स्तर से उन्हें वितरित करने का कष्ट करें।
3. यदि विभाग में फरवरी 2021 के बाद किसी नवीन शिक्षक/अधिकारी की नियुक्ति हुई है तो उसका सम्पूर्ण विवरण एक पासपोर्ट साइज फोटो के साथ (फोटो के पीछे भी विवरण लिखा हो) 09 दिसम्बर, 2021 तक उपलब्ध कराने का कष्ट करें ताकि परिचय पत्र उपलब्ध कराए जा सकें।
4. दीक्षान्त समारोह के सम्बन्ध में गठित विभिन्न समितियों के संयोजकों से निवेदन है कि वे अपनी समिति में सम्मिलित विश्वविद्यालय परिसर के बाहर के शिक्षकों/अधिकारियों का विवरण पासपोर्ट साइज फोटो सहित (फोटो के पीछे भी विवरण अंकित हो) सामान्य विभाग को 09 दिसम्बर, 2021 तक उपलब्ध करा दें जिससे कि उनके परिचय पत्र उपलब्ध कराए जा सकें।
5. प्रशासनिक भवन/कुलपति/उप कुलपति कार्यालय के अधिकारियों के परिचय पत्र भी सामान्य विभाग उपलब्ध कराएगा तथा इन विभागों के अन्य कर्मचारियों हेतु रिक्त परिचय पत्र सम्बन्धित विभाग से प्राप्त सूची के आधार पर उपलब्ध करा दिए जाऐगें। सूची 09 दिसम्बर, 2021 तक अवश्य उपलब्ध करवा दें।
6. विभिन्न छात्रावासों के कर्मचारियों के परिचय पत्र हेतु छात्रावास अधीक्षक 09 दिसम्बर, 2021 तक हस्ताक्षरित सूची सामान्य विभाग को अवश्य उपलब्ध करवा दें। इनके लिए परिचय पत्र उपलब्ध करा दिये जाऐगें जिन्हें छात्रावास अधीक्षक फोटो सत्यापित कर स्वंय वितरित करेंगे।
7. भोजन इत्यादि की व्यवस्था से सम्बन्धित समितियाँ तथा अन्य कार्य जिनके लिए वैन्डर्स/श्रमिकों को दीक्षान्त समारोह के दिन परिसर में उपस्थित रहना है उनके लिए सम्बन्धित संयोजक/इन्जीनियरिंग विभाग परिचय पत्र प्राप्त करने हेतु 09 दिसम्बर, 2021 तक सामान्य विभाग को सूची उपलब्ध करवा दें।
8. विभिन्न कमेटी के संयोजक/अध्यक्ष दिनांक 09 दिसम्बर, 2021 तक रिक्त परिचय पत्र हेतु स्वयं सेवकों की सत्यापित सूची सामान्य विभाग को एवं एक प्रतिलिपि प्रो0 जयमाला को अवश्य उपलब्ध करा दें। इनके परिचय पत्रों की व्यवस्था सामान्य विभाग द्वारा की जायेगी तथा प्रो0 जयमाला रिक्त परिचय पत्र विभिन्न कमैटियों को उपलब्ध कराएंगी।
9. कमेटी के सदस्यों (शिक्षकों/अधिकारियों/कर्मचारियों/स्वयं सेवकों) तथा विश्वविद्यालय के कुलपति/प्रति कुलपति/कुलसचिव/वित्त अधिकारी कार्यालय के अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए Badges हेतु सम्बन्धित कमेटी संयोजक/सम्बन्धित कार्यालय अधिकारी 09 दिसम्बर, 2021 तक प्रो0 जयमाला को सूची उपलब्ध करवा दें।
10. सभी परिचय पत्र केवल विभागों के आधार पर बनाए जाऐगें। केवल परिसर के बाहर के शिक्षकों/अधिकारियों/कर्मचारियों जो कि विभिन्न कमेटी के सदस्य हैं के ही परिचय पत्र कमेटियों के आधार

पर बनाए जाऐगें। विभिन्न कमैटियों के स्वयं सेवकों के अतिरिक्त अन्य सभी के परिचय पत्र सामान्य विभाग स्वयं सम्बन्धित विभागों एवं कमेटियों के संयोजकों को उपलब्ध कराएगा।

11. आपके विभाग में शोध कर रहे (आर डी सी के उपरान्त प्रवेशित) छात्रों की सूची भी पूर्ण विवरण सहित सामान्य विभाग को 09 दिसम्बर, 2021 तक उपलब्ध करवा दें। शोध छात्रों हेतु दिशा निर्देशों से आपको अवगत करवा दिया जाएगा।

12. कमैटी के संयोजक स्वयं सेवकों/कर्मचारियों/खाने की व्यवस्था से जुड़े बाहरी व्यक्तियों इत्यादि के लिए वाहन पास हेतु प्रो0 जयमाला को 09 दिसम्बर, 2021 तक सूची प्रेषित करें। अन्य वाहन पास हेतु कुलपति कार्यालय में सम्पर्क करेंगे।

13. दीक्षान्त समारोह हेतु जारी परिचय पत्र/वाहन पास इत्यादि केवल दीक्षान्त समारोह दिवस हेतु ही मान्य होंगे।

नोटः—

01. निर्धारित तिथि के उपरान्त कोई भी सूची/नाम पर विचार नही किया जाएगा।

02. केवल नवनियुक्ति शिक्षकों/अधिकारियों/कमेटी में सम्मिलित परिसर से बाहर के शिक्षकों/अधिकारियों के ही फोटो पहचान पत्र हेतु उपलब्ध करवाएँ। कर्मचारियों/स्वयं सेवकों/Vendors/अन्य बाहरी कर्मचारियों को सम्बन्धित अधिकारी/संयोजक स्वयं ही फोटो सत्यापित स्वहस्ताक्षरित पहचान पत्र जारी करें।

03. उपरोक्त सूचियाँ (हार्डकापी में हस्ताक्षरित तथा मेल के माध्यम से मेल आई—डी generalsectionccsumrt @gmail.com पर उपलब्ध करवाएँ।

04. बिन्दु— 8, 9 एवं 12 से सम्बन्धित सूचनाएँ jaimalaccsu@gmail.com पर भी उपलब्ध कराएँ।

08-12-21

कुलसचिव

प्रतिलिपि :—

01. सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
02. वैयक्तिक सहायक प्रति—कुलपति को प्रति—कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
03. वैयक्तिक सहायक कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
04. वैयक्तिक सहायक वित्त अधिकरी को वित्त अधिकरी महोदय के सूचनार्थ।
05. वैयक्तिक सहायक परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक महोदय के सूचनार्थ।

08-12-21

सहायक कुलसचिव (प्रशासन)